# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 23.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के तहत आज छत्तीसगढ़ की ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है–इसमें पिछली मतदाता सूची की तुलना में करीब सत्ताईस लाख चौंतीस हजार नाम कम है।**
- **जाने–माने साहित्यकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल का आज रायपुर में निधन हो गया।**
- **राज्य की विष्णुदेव साय सरकार अपने कार्यकाल के तीसरे वर्ष को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाएगी।**
- **'विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम' के बारे में लोगों को जागरूक करने प्रदेशभर में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।**

### एसआईआर–ड्राफ्ट मतदाता सूची

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आज ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि एसआईआर के अंतर्गत प्रदेश में एक करोड़ चौरासी लाख पंचानवे हजार नौ सौ बीस मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए। वहीं, छह लाख बयालीस हजार दो सौ चौंतीस मतदाता मृत पाए गए। उन्नीस लाख तेरह हजार पांच सौ चालीस मतदाता स्थानांतरित और अनुपस्थित पाए गए। साथ ही एक लाख उनयासी हजार तैंतालीस मतदाताओं का नाम एक से अधिक स्थानों पर पाया गया। इस तरह पिछली मतदाता सूची जिसमें दो करोड़ बारह लाख तीस हजार सात सौ सैंतीस मतदाता थे की तुलना में आज प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में करीब सत्ताईस लाख चौंतीस हजार मतदाताओं के नाम नहीं है।

ड्राफ्ट मतदाता सूची से संबंधित दावा–आपत्ति आज से लेकर बाईस जनवरी तक लिए जाएंगे। सुनवाई और सत्यापन चौदह जनवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन इक्कीस फरवरी को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के लोगों से अपील की है कि वे अपना नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में देखें और यदि कोई शिकायत हो तो वे दावा–आपत्ति निर्धारित समय में कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम आगे भी जारी रहेगा।

### विनोद कुमार शुक्ल–निधन

जाने–माने साहित्यकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल का आज रायपुर में निधन हो गया। करीब अठासी वर्ष के श्री शुक्ल का पिछले कुछ दिनों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर में इलाज चल रहा था। उन्होंने आज शाम करीब पांच बजे अंतिम सांस ली। विनोद कुमार शुक्ल को हाल ही में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की' के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला था। उनका कविता संग्रह "लगभग जयहिन्द" और उपन्यास 'नौकर की कमीज़' को काफी ख्याति मिली थी। श्री शुक्ल पिछले पचास सालों से साहित्य लेखन में जुटे हुए थे। उनकी किताबों का कई भाषाओं में अनुवाद भी हो चुका है। एम्स रायपुर के सहायक जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत चौधरी ने बताया कि बीते दो दिसंबर से श्री शुक्ल का एम्स में इलाज चल रहा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री शुक्ल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के गौरव के रूप में वे हमेशा हम सबके हृदय में विद्यमान रहेंगे। उन्होंने कहा कि संवेदनाओं से परिपूर्ण उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। राज्य साहित्य परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि श्री विनोद कुमार शुक्ल जी का जाना साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

**महतारी गौरव वर्ष**

राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने कार्यकाल के तीसरे वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 'महतारी गौरव वर्ष' के दौरान राज्य सरकार की सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों का केंद्र बिंदु माताएं और बहनें होंगी।

**जी राम जी अधिनियम—ग्राम सभा**

'विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण – जी राम जी अधिनियम' के बारे में लोगों को जागरूक करने प्रदेशभर में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत अनुसूचित क्षेत्रों के गांवों में चौबीस दिसंबर को राष्ट्रीय पेसा दिवस पर और शेष ग्राम पंचायतों में छब्बीस दिसंबर को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएंगी। ग्राम सभाओं में जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों, बढ़ी हुई रोजगार गारंटी और विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के दृष्टिकोण पर चर्चा की जाएगी। वहीं, अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की मुद्रित प्रतियां भी वितरित की जाएंगी।

**ग्राम पंचायत—आवास दिवस**

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में हर महीने की सात तारीख को 'आवास दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने दिशा—निर्देश जारी कर दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण के कार्य को गति देना, हितग्राहियों में जागरूकता बढ़ाना और निर्माण कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है।

**राष्ट्रीय किसान दिवस**

राष्ट्रीय किसान दिवस आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में मनाया जा रहा है। ग्रामीण मुद्दों की गहरी समझ और किसानों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मौके पर किसानों को वर्चुअली संबोधित किया।

**मजदूर—मौत**

केरल के पलक्कड़ में छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के एक मजदूर की पीट—पीटकर हत्या कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार करही गांव निवासी रामनारायण बघेल एक सप्ताह पहले मजदूरी करने पलक्कड़ गया था और वहां काम की तलाश में घूम रहा था। इसी दौरान वहां के स्थानीय लोगों ने उसे बांग्लादेशी घुसपैठिया समझकर चोरी के आरोप में उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर गहरा शोक और संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ इस प्रकार की हिंसा सभ्य समाज के मूल्यों के विपरीत और मानवता को शर्मसार करने वाली है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने केरल सरकार से अनुरोध किया है कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**भाजपा नेता—हत्या**

कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र में जनपद सदस्य और भाजपा नेता अक्षय गर्ग की हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि भाजपा नेता कटोरी नागोरी से केशलपुर के बीच बन रही सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान कार में सवार अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। मृतक अक्षय गर्ग वर्तमान में बिंझरा क्षेत्र से जनपद सदस्य थे।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– राज्य के लोक निर्माण विभाग ने भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने के आरोप में सुकमा के एक कार्यपालन अभियंता और बीजापुर तथा जगदलपुर के दो अनुविभागीय अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

– राज्य सरकार और भारतीय स्टेट बैंक–एसबीआई के बीच राज्य सरकार वेतन पैकेज को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले कर्मचारियों को करोड़ों रुपये का बीमा कवर निःशुल्क मिलेगा।

– प्राथमिक सहकारी समितियों और सहकारी एफपीओ को राष्ट्रीय शहरी विकास निगम–एनसीडीसी द्वारा क्षेत्रीय सहकारी उत्कृष्टता और योग्यता पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कल रायपुर के सिविल लाईन स्थित सर्किट हाउस में किया जाएगा।

– गरियाबंद जिले के साहेबीन कछार गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिक्षक, सड़क, स्वास्थ्य और पुल–पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर आज राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–एक सौ तीस पर चक्काजाम किया।

– वन विभाग की टीम ने अंतर्राज्यीय पेंगोलिन तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को ओडिशा से गिरफ्तार कर उनके पास से एक जीवित पैंगोलिन बरामद किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>